इंजीनियरिंग कॉलेज में तकनीकी और सांस्कृतिक प्रतिभा से धूम मचाई

टनकपुर (चंपावत)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में दो दिनी अंतरिक्ष 2025 कार्यक्रम का आगाज हुआ। पहले दिन ही छात्रों ने तकनीकी के प्रदर्शन और सांस्कृतिक प्रस्तुति से धूम मचाई।

सोमवार को पहले दिन के आयोजन का संस्थान के निदेशक प्रो. हरद्वारीलाल मंडोरिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में प्रो. मंडोरिया ने तकनीकी उत्कृष्टता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

इस दौरान छात्रों में तकनीकी वाद-विवाद और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगिता हुई। इनमें छात्रों ने अपने तार्किक और विश्लेषणात्मक कौशल

दीवार में उकेरे चित्र को देखते संस्थान के निदेशक प्रो. मंडोरिया। स्रोतः कॉलेज

का प्रदर्शन किया। ई-स्पोर्ट्स श्रेणी में भी अनेक रोमांचक गेम्स का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय समूह नृत्य में रंगताली ग्रुप और नृत्य जंक्शन ग्रुप ने अपनी प्रस्तुति दी। फ्यूजन गर्ल्स ने आधुनिक और पारंपरिक नृत्य के संयोजन से, 2 मिनट्स टू फेम में प्रतिभागियों ने प्रभावित किया।

राजस्थानी लोकनृत्य की रंगीन छटा देखने को मिली। संचालन उत्तम तिवारी और रुद्रांश जोशी ने किया। इस मौके पर डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अभिषेक पाठक, एकेडमिक डीन डॉ. देव प्रकाश सत्संगी आदि मौजूद रहे।

नशा मुक्त अभियान मैराथन का बनें हिस्सा

टनकपुर (चंपावत)। अमर उजाला की ओर से नशा मुक्त अभियान के तहत 28फरवरी को मैराथन दौड़ का आयोजन टनकपुर स्टेडियम में होने जा रहा है। यह मैराथन टनकपुर स्टेडियम से शुरू होकर वापस यहीं संपन्न होगी।

कार्यक्रम का आयोजन सुबह 6 बजे से शुरू होकर 11 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए दिए गए क्यूआर कोड को गूगल लैंस स्कैन करें या व्हाट्सएप नंबर 9720863516 पर अपना नाम, नंबर, जेंडर, मेल आईडी भेजें।

मुख्य स्पांसर समाजसेवी रिपुदमन सिंह तड़ागी प्रोप. तड़ागी फिलिंग स्टेशन टनकपुर रहेंगे। पावर्ड बाई एसबीआई टनकपुर, एनएचपीसी टनकपुर और को-स्पोंसर जय गणेश एग्रो राइस मिल टनकपुर, डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीटयूट आफ टेक्नालॉजी टनकपुर और सहयोगी-मित्तल बुक डिपो बनबसा, रौतेला साइकिल स्टोर बनबसा, सौरभ हास्पिटल खटीमा, हंसराज इंटरप्राइजेज, कंट्री डेरी, होटल भागीरथी इन, सामाजिक कार्यकर्ता महेश सिंह, शारदा स्टोन क्रेशर, कुमाऊं स्टोन क्रेशर, महादेव स्टोन क्रेशर, सामाजिक कार्यकर्ता योगी ज्याल, गौतम मेहता, पियोर वैली रहेंगे। संवाद